# संरेखण आख्या

**कार्य का नामः–** जनपद चमोली, विकासखण्ड दशोली में राज्य योजना के अन्तर्गत चमोली–पलेठी–सरतोली मोटर मार्ग के स्थान सिकोटी नामक ~~स्थान~~ तोक से ग्राम गोलिम–पोल–रोपा होते हुये अनुसूचित जाति ग्राम चलथर तक मोटर मार्ग निर्माण का संरेखण प्रस्ताव।

**मार्ग की स्वीकृतिः–** शासनादेश सं॰ 818/।।।(2)/14–48 (प्रा0आ0)/2013 दि॰ 08.02.2014

**स्वीकृत लम्बाई :–** 8.00 किमी॰

**लागत :–** ₹ 141.84 लाख।

**संरेखण की उपयोगिताः–** विकासखण्ड दशोली में चमोली–पलेठी–सरतोली मोटर मार्ग के स्थान सिकोटी नामक ~~स्थान~~ तोक से ग्राम गोलिम–पोल–रोपा होते हुये अनुसूचित जाति ग्राम चलथर को सर्वऋतु मोटर मार्ग से जोड़ने हेतु कुल 8.00 किमी॰ मोटर मार्ग की आवश्यकता है, जिसके तहत 8.00 किमी॰ लम्बाई में प्रथम निर्माण हेतु शासनादेश सं॰ 818/।।।(2)/14–48 (प्रा0आ0)/2013 दि॰ 08.02.2014 द्वारा रु॰ 141.84 लाख की स्वीकृति (छाया प्रति संलग्न) प्रदान की गयी है।

यह संरेखण करने से पूर्व ग्रामवासियों की बैठक कर सर्वेक्षण चयनित स्थानों से पूर्ण किया गया। इस संरेखण प्रस्ताव में मार्ग का ग्रेड पूर्ण लम्बाई में 1:20 रखा गया है एवं इसमें 6 एच.पी. बैण्ड पड़ते है। उक्त मोटर मार्ग चमोली–पलेठी–सरतोली मोटर मार्ग के किमी॰ 4 से प्रारम्भ होकर ग्राम गोलिम, पोल, रोपा होते हुये अनुसूचित जाति ग्राम चलथर तक जाता है। मार्ग का भू–वैज्ञानिक द्वारा भी दि॰ 10.12.2014 को निरीक्षण किया जा चुका है तथा इस पर उनकी भी सहमति है (छाया प्रति संलग्न)। इस संरेखण में कोई विवाद नहीं है एवं इससे मार्ग की लम्बाई भी 8.00 किमी॰ आती है, जिसमें कि 5.00 किमी॰ मार्ग नापभूमि एवं शेष 3.00 किमी॰ मोटर मार्ग सिविल वनभूमि से गुजरता है। मार्ग के किमी॰ 4.00 में 36 मी॰ स्पान के लौह सेतु की आवश्यकता होगी। प्रथम संरेखण कन्टूर प्लान में ~~हरे~~ लाल रंग से दर्शाया गया है एवं संरेखण नं॰ 2 को ~~लाल~~ हरे रंग से दर्शाया गया है।

प्रस्तावित मार्ग का संरेखण इस प्रकार तय किया गया है कि न्यूनतम वन भूमि एवं कम से कम वृक्ष पड़ें। प्रस्तावित संरेखण पर कोई मंदिर, मस्जिद एवं धार्मिक स्थल नहीं पड़ते हैं एवं संरेखण का निरीक्षण भूगर्भवेत्ता द्वारा किया जा चुका है, इस संरेखण के अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक संरेखण उक्त बिन्दुओं को परिपूर्ण नहीं करता है।

**संरेखण का विवरणः–** चमोली–पलेठी–सरतोली मोटर मार्ग के स्थान सिकोटी नामक ~~स्थान~~ तोक से ग्राम गोलिम–पोल–रोपा होते हुये अनुसूचित जाति ग्राम चलथर को जोड़ने हेतु 8.00 किमी॰ लम्बाई में इस मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु सर्वे ऑफ इण्डिया के कन्टूर, मानचित्र पर प्रस्तावित समरेखण क्रमशः लाल एवं हरे रंग से दर्शाया गया हैं। जिसमें लाल रंग प्रस्तावित संरेखण से क्षेत्र की जनता सन्तुष्ट है तथा तुलनात्मक विवरण के अनुसार प्रस्तावित संरेखण (1) ही उचित है।
अतः प्रस्तावित संरेखण जो कि लाल रंग से अंकित है, संस्तुति सहित अनुमोदन हेतु प्रेषित है।

अधिशासी अभियन्ता
... खण्ड लो॰ नि॰ विभाग
गोपेश्वर

## तुलनात्मक विवरण

| क्र॰सं॰ | मद का नाम | समरेखंण (1) लाल रंग में | समरेखंण (2) हरा रंग में |
|---|---|---|---|
| 1. | मुख्य विशेषताऐं एवं विवरण | जनपद चमोली, विकासखण्ड दशोली में राज्य योजना के अन्तर्गत चमोली–पलेठी–सरतोली मोटर मार्ग के स्थान सिकोटी नामक स्थान तोक से ग्राम गोलिम–पोल–रोपा होते हुये अनुसूचित जाति ग्राम चलथर तक मोटर मार्ग नव निर्माण करने हेतु संरेखण गठित किया गया है। जिसमें ग्राम गोलिम, रोपा, पोल, चलथर की सहमति प्राप्त है। | समरेखण नं॰ 1 के अनुसार |
| 2. | प्रस्तावित दृष्टिकोण से समरेंखण की लम्बाई | 8.00 किमी॰ | 8.00 किमी॰ |
| 3. | वर्तमान यातायात के साधन | पैदल मार्ग | पैदल मार्ग |
| 4. | भूमि<br>(अ) सिविल भूमि<br>(ब) कृषि योग्य भूमि<br>1. सिंचित<br>2. असिंचित | <br>शून्य<br><br>3.00 किमी॰<br>5.00 किमी॰ | <br>शून्य<br><br>4.00 किमी॰<br>4.00 किमी॰ |
| 5. | सूर्य प्रकाशित भूभाग | शून्य | शून्य |
| 6. | भूस्खलन | शून्य | शून्य |
| 7. | भूमि | मिटटी, पत्थर, कठोर चट्टान आदि | मिटटी, पत्थर आदि |
| 8. | वनस्पति | पैड़ पौधे | पैड़ पौधे |
| 9. | मार्ग का ढाल | 1:20 R | 1:20 R |
| 10. | अनुप्रस्थ ढाल–1. सामान्य ढाल<br>2. तीव्र ढाल | 40 से 60 तक<br>20 से 40 तक | 50 से 70 तक<br>30 से 50 तक |
| 11. | भू–भाग 1. कठोर चट्टान<br>2. कोमल चट्टान | 1.50 किमी॰<br>6.50 किमी॰ | 3.00 किमी॰<br>5.00 किमी॰ |
| 12. | अस्थिर भूमि की लम्बाई | शून्य | शून्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13. | साधन 1. लकड़ी<br>2. पत्थर<br>3. मजदूर | स्थानीय उपलब्धता<br>स्थानीय उपलब्धता<br>स्थानीय उपलब्धता | स्थानीय उपलब्धता<br>स्थानीय उपलब्धता<br>स्थानीय उपलब्धता |
| 14. | पानी का निकास<br>(अ) छोटे पुल संख्या व विस्तार<br>(अ) बडे पुल संख्या व विस्तार | किमी॰ 4 में 36 मी॰ स्पान लौह सेतु | किमी॰ 4 में 40 मी॰ स्पान लौह सेतु |
| 15. | वर्षा एवं जलवायु की दशा | मार्ग मात्र ग्रीष्म ऋतु योग्य रहेगा। ठंडी जलवायु | समरेखण नं॰ 1 अनुसार |
| 16. | लाभांविन्त ग्रामों की संख्या<br>(अ) प्रत्यक्ष रुप से<br>(ब) अप्रत्यक्ष रुप से | ग्राम का नाम कोड सं॰ जनसंख्या एस॰सी॰<br>गेलिम<br>रोपा<br>चलथर | –<br>समरेखण नं॰ 1 अनुसार |
| 17. | वर्तमान मार्ग से प्रस्तावित मार्ग का सम्बन्ध | यह संरेखण चमोली–पलेठी–सरतोली मोटर मार्ग के स्थान सिकोटी नामक स्थान तोक से ग्राम गोलिम–पोल–रोपा होते हुये अनुसूचित जाति ग्राम चलथर तक मोटर मार्ग नव निर्माण करने हेतु संरेखण गठित किया गया है। जिसमें ग्राम पोल, गोलिम, रोपा, चलथर की सहमति प्राप्त है। जिससे इस गांव की जनता को यातायात की सुविधा उपलब्ध होगी। | समरेखण नं॰ 1 अनुसार |
| 18. | सामरिक महत्व | – | – |
| 19 | हेयर पिन बैण्ड | 6 नं॰ | 7 नं॰ |
| 20 | कृषि एवं फल की दृष्टि से महत्व | क्षेत्र की मुख्य पैदावार जैसे आलू, दाल, सब्जी आदि का ढुलान स्थानीय बाजार में आसानी से पहुॅचने के कारण बाजार की सुविधा मिलेगी। | समरेखण नं॰ 1 अनुसार |
| 21. | वन सम्पदा का उपयोग | जड़ी बूटी एवं अन्य वन सम्पदा का संरक्षण हो सकेगा। | समरेखण नं॰ 1 अनुसार |
| 22. | खनिज सम्पदाओं का उपयोग। | खनिज सम्पदाओं का पता लगाने में मदद मिलेगी तथा खनिज का निर्यात होने से क्षेत्रीय जनता को लाभ मिलेगा। | समरेखण नं॰ 1 अनुसार |
| 23. | लाभ व हानि | 1. कठोर चट्टान कम लम्बाई में पड़ेंगी।<br>2. ग्राम वासियों के मकानों को कोई क्षति नहीं होगी।<br>3. तकनीकी दृष्टि से यह संरेखण उपयोगी है।<br>4. इस संरेखण में 6 एच॰पी॰ बैंड पड़ेगे।<br>5. इस सरेखण से ग्रामवासी भी पूर्ण रूप से सहमत | 1. कठोर चट्टानें अधिक लम्बाई में पड़ेगी।<br>2. ग्राम वासियों के खेतों की क्षति होने की सम्भावना है, साथ ही उक्त संरेखण में वृक्षों की संख्या भी अधिक आ रही है। क्षतिग्रस्त सम्पतियों के लिए अधिक मुआवाजा देने की |

35

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | हैं।<br>6. मार्ग के किमी॰ 4.00 में 36 मी॰ स्पान मोटर लौह सेतु की आवश्यता होगी, किन्तु उक्त सेतु से मार्ग के स्थाईत्व को कोई भी खतरा नहीं है।<br>7. इस संरेखण पर मार्ग का निर्माण मितव्ययी होगा। | प्रबल स्थिति बनी हुई है।<br>3. तकनीकी दृष्टि से यह संरेखण उपयोगी नहीं हैं।<br>3. इस संरेखण में 7 एच॰पी॰ बैंड पड़ेगे।<br>4. नाप भूमि अधिक पडने की सम्भावना के कारण तथा इस संरेखण की लम्बाई अपेक्षाकृत अधिक होने के कारण निर्माण में अधिक लागत के व्यय होने से उपयोगी नहीं है।<br>5. अधिक लम्बाई होने के कारण तथा ग्रामीणों के अधिक खेतों के आने से ग्रामवासी कतई सहमत नहीं हैं।<br>6. मार्ग के किमी॰ 4.00 में 40 मी॰ स्पान लौह सेतु की आवश्यकता होगी, जिस कारण निर्माण की लागत अधिक आयेगी। |

कनिष्ठ अभियन्ता
प्रांतीय खण्ड, लो॰नि॰वि॰,
गोपेश्वर

सहायक अभियन्ता
प्रांतीय खण्ड, लो॰नि॰वि॰,
गोपेश्वर

अधिशासी अभियन्ता
प्रांतीय खण्ड लोक निर्माण विभाग
गोपेश्वर

अधिशासी अभियन्ता
प्रांतीय खण्ड, लो॰नि॰वि॰,
गोपेश्वर